प्रति,

कुलसचिव
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर।

विषयः— 36वें दीक्षांत समारोह दिनांक 20 जून से 30 जून 2026 में सम्मिलित होने की सूचना बावत्।

विश्वविद्यालय की अधिसूचना क0 6123 दिनांक 12/05/2026 के अनुसार दिनांक 20 से 30 जून 2026 को आयोजित 36वें दीक्षांत समारोह में स्वयं उपस्थित होना चाहता/चाहती हूँ जिसके लिये निर्धारित राशि जमा कर दी है।

मेरा विवरण निम्नानुसार हैः—

1 नाम
2 हिन्दी में
3 अंग्रेजी में
4 परीक्षा का नाम एवं वर्ष
5 स्वर्ण पदक का नाम
6 पी.एच–डी./डी. लिट् / डी0एस0सी0 उपाधि

7 शीर्षक (Topic)

संलग्नः—

1 अंकसूची/पी–एच0डी0 नोटीफिकेशन की प्रमाणित प्रति
2 स्वर्ण पदक के पंजीयन की राशि 400/— का ड्राफ्ट/वि0 वि0 में जमा राशि 400/— की रसीद
3 शोध उपाधि के पंजीयन की राशि 700/— का ड्राफ्ट/वि0 वि0 में जमा राशि 700/— की रसीद
4 दो छायाचित्र स्व प्रमाणित
5 पंजीयन हेतु डी.सी.डी.सी. कक्ष (दीक्षांत कार्यालय) में प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक आवेदन पत्र जमा कराया जावेगा।
6 दीक्षांत दिनांक 20 जून से 30 जून 2026 से 3 दिन पूर्व समय 11:00 बजे अपरान्ह से 05 बजे शाम तक रिहर्सल हेतु मेरी उपस्थिति अनिवार्य होगी।

प्रार्थी के हस्ताक्षर

नाम

पता

दूरभाष नं.
ई मेलः

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क0 / परीक्षा / दी0 स0 / 26 / 07 जबलपुर दिनांक 26 / 05 / 2026

प्रति,

.....................................................................

.....................................................................

.....................................................................

विषयः— दीक्षांत समारोह में सहभागिता हेतु की सूचना।

महोदय / महोदया,

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर का 36वॉ दीक्षांत समारोह 20 जून से 30 जून 2026 को विश्वविद्यालय के पंडित कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया है। इस दीक्षांत समारोह में दिनांक 21 सितम्बर 2025 से 25 मई 2026 तक के डी0 लिट0 / डी0 एस–सी0 / पी–एच0डी0 उपाधि धारको को उपाधि वितरण की जावेगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि दिनांक 27 / 05 / 2026 से 07 / 06 / 2026 तक की अवधि को वि.वि. कार्यालय मे स्वयं उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति का पंजीयन अनिवार्य रूप से करायें। उक्त अवधि में पंजीयन न कराने की स्थिति में आपको दीक्षांत समारोह में सम्मिलित करना संभव नही होगा।
पंजीयन हेतु निम्नांकित प्रपत्र साथ में अवश्य लेकर आयें:—

1 समारोह में स्वयं उपस्थित होकर शोध उपाधि प्राप्त करने संबंधी हस्तलिखित आवेदन (एक सादे कागज पर ) के साथ संबंधित परिक्षाओं की अंकतालिकाओं की प्रमाणित छायाप्रति सहित।
2 आवेदन में हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में अपना नाम स्पष्टतः लिखें। पी–एच. डी. प्राप्तकर्ता अपने शोध विषय शीर्षक (Topic) को हिन्दी / अंग्रेजी में स्पष्टतः लिखें।
3 पी–एच. डी उपाधि संबंधी नोटिफिकेशन की फोटो प्रति।
4 स्वयं के दो नवीनतम छायाप्रति जो किसी महाविद्यालय के प्राचार्य / विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष (किसी विभाग के ) अथवा किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित किये गये हो।
5 स्वर्ण पदक पंजीयन शुल्क के रूप में रूपये 400 / — (चार सौ रूपये केवल) एवं शोध उपाधि के पंजीयन की राशि 700 / — (सात सौ रूपये केवल) का डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक (जो कि कुलसचिव, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के नाम देय हो) अथवा विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर में रूपये 400 / — / 700 / — जमा कर रसीद आवेदन के साथ संलग्न करें।
6 ऐसे शोध उपाधि धारक जिन्होंने अपनी उपाधि विश्वविद्यालय से पूर्व में ही प्राप्त कर ली है, वे अपनी उपाधि पंजीयन स्थल पर अनिवार्य रूप से जमा करें ताकि उन्हें समारोह में उपाधि प्रदान की जा सके।

इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये मुख्य संयोजक प्रो0 एस.एस. संधु के मो. 9424395270 एवं सहायक कुलसचिव परीक्षा के दूरभाष क0 9424685222 एवं श्री रमाकान्त शुक्ला के दूरभाष क0 8085617650 से संपर्क किया जा सकता है।

आदेशानुसार

कुलसचिव
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्र0/परीक्षा/दी0 स0/26/06 जबलपुर दिनांक 26/05/2026

प्रति,

प्राचार्य/विभागाध्यक्ष

...................................................................

...................................................................

विषयः– दीक्षांत समारोह में उपस्थित रहने की सूचना।

महोदय/महोदया,

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर का 36वॉ दीक्षांत समारोह 20 जून से 30 जून 2026 को विश्वविद्यालय के पंडित कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया है। इस दीक्षांत समारोह में वर्ष 2021 एवं 2022 की मुख्य परीक्षाओं के स्वर्ण पदक धारको को पदक वितरित किए जावेगें।

आपके महाविद्यालय/शैक्षणिक विभाग के निम्नलिखित छात्र/छात्राओं ने वर्ष 2021 एवं 2022 में स्वर्ण पदक पाने की पात्रता प्राप्त हैः–

| क्र0 | छात्र/छात्रा का नाम | पदक सं0 | संकाय | वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| 5 | | | | |
| 6 | | | | |
| 7 | | | | |
| 8 | | | | |
| 9 | | | | |
| 10 | | | | |

निर्देशानुसार आपसे अनुरोध है कि उक्त छात्र/छात्राओं को उक्तानुसार सूचित करने का कष्ट करें कि यदि वे स्वर्ण समारोह में उपस्थित होकर स्वर्ण पदक प्राप्त करना चाहतें हैं तो दिनांक 27/05/2026 से 07/06/2026 तक की अवधि में विश्वविद्यालय कार्यालय में अपनी तदानुसार पंजीयन करायें । स्वर्ण पदक की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www rduni jbp in.org.** से डाउनलोड कर महाविद्यालय/विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के सूचना पटल पर चस्पा करें। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये मुख्य संयोजक प्रो0 एस.एस. संधु के मो. 9424395270 से संपर्क किया जा सकता है।

आपसे यह भी अनुरोध है कि संबंधित छात्र/छात्राओं के पते भी इस कार्यालय के सहायक कुलसचिव परीक्षा के दूरभाष क्र0 7067260904 एवं डॉ0 हरेकृष्ण पाण्डेय, दूरभाष क्र0 9907629076 एवं श्री रजनीश पाण्डेय दूरभाष 9630055071 के परीक्षा कक्ष क्र0 03, के माध्यम से इस सूचना पत्र के प्राप्ति के तुरंत बाद अवगत कराने का कष्ट करें ताकि संबंधितों को व्यक्तिगत पत्र भी प्रेषित कर समारोह में उपस्थित रहने की सूचना प्रदान की जा सके।

आदेशानुसार

कुलसचिव

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर